52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.9 °c
अधिकतम 22.8 °c

**अमृतवाणी**

हालात कैसे भी हो बहादुर कभी रोया नहीं करते, सीने में जिनके सीखने का जुनून हो, वो कभी हिम्मत खोया नहीं करते।


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11 सूर्यास्त-5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 357 | बृहस्पतिवार, 26 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


डिजिटल जालसाजों की तरह काम कर रही है दिल्ली सरकार : वीरेंद्र सचदेवा

वोट की खातिर लूट सही.... जब झूट चले तो झूट सही....

# मना क्रिसमस का त्यौहार, चर्च के बाहर भगवद् गीता का प्रचार

**▶ एक ओर जहां चर्च में जली मोमबत्तियां तो सनातनियों ने दिलाई तुलसी पूजन की याद ▶ गुरू गोविन्द सिंह जी के शहजादों के बलिदान को भी किया गया याद**

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** धीरे-धीरे देश अपनी संस्कृति की पहचान कर उसकी ओर वापस लौटता दिखाई दे रहा है। नौजवानों को धीरे-धीरे समझ में आने लगा है कि सम्मान सभी धर्मों का कीजिए मगर अपने धर्म के प्रति भी सजग एवं सतर्क रहिए। आज से कुछ साल पहले अंधविश्वास में जहां चर्चों पर 25 दिसम्बर को हजारों की संख्या में हिन्दू धर्म के लोग मोमबत्तियां जलाने के लिए पहुंचते थे, अब वह कम हो चले हैं। चर्च में आज अधिकांशतः ईसाई धर्म के अनुयाइयों की ही भीड़ दिखाई दी। हालांकि ईसाई धर्म के अनुयाइयों ने चर्चों को खूब अच्छे ढंग से सजाया और चर्च के अंदर फादर द्वारा प्रभु यीशू के बारे में पूरी कहानी बताई गयी।

ईसाई धर्म के अनुसार आज के दिन सांता क्लॉज उपहार बांटने के लिए आते हैं। उनके धर्म के अनुसार हो सकता है कि यह बात सच हो, मगर हिन्दू धर्म में इस दिन को कई रूप में मनाया जाता है। वहीं दूसरी ओर इस्कॉन संस्था के अनुयाइयों ने चर्च के बाहर खड़े होकर भगवद् गीता का प्रचार प्रसार किया और बताया कि जो शक्ति सनातन धर्म में है वह वास्तव में किसी में नहीं है। इस्कॉन के अनुयायी बोले कि भगवत गीता का प्रचार प्रसार वह इसलिए करने को आए हैं, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में भगवद् गीता से होने वाले चमत्कार देखे हैं। संसार में जीने की कला इसी से आती है। हमें कब क्या करना है, यह भी भगवद् गीता ही बताती है। इस बार चर्चों के बाहर बंट रही गीता का अनोखा दृश्य सनातन धर्म के लोगों को खूब भाया। बड़ी बात यह रही कि अब धीरे-धीरे अपने धर्म के लागों को बलिदानियों की याद भी दिलाई जा रही है। दरअसल सिख समाज के दसवें गुरू श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान एवं समर्पण को हिन्दू धर्म जीवनभर नहीं भूल सकता। जहां सिर्फ 17 वर्ष की उम्र में अजीत सिंह और 15 वर्षीय जुझार सिंह ने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। वहीं मासूम उम्र में 9 वर्षीय जोरावर सिंह व 5 वर्षीय फतेह सिंह ने जब मुगल शासक वजीर खान के सामने घुटने नहीं टेके तो उन्हें सरहिन्द के वजीर खान ने जिंदा ही दीवारों में चुनवा दिया। ऐसे में पिछले तीन दिनों से लगातार विभिन्न स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं में वीर बाल दिवस के रूप में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और बच्चे-बच्चे को यह समझाया जा रहा है कि वास्तव में यह सप्ताह धर्म और देश पर न्यौछावर हो जाने वाले इन बच्चों के नाम ही है। स्वयं वर्तमान मोदी सरकार द्वारा इन बच्चों के नाम पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी। इसी तरह कुछ समय पूर्व ही 25 दिसम्बर को तुलसी दिवस के रूप में भी सनातन धर्म के अनुयायी खूब मनाने लगे हैं। सनातन धर्म के अनुयायियों का तर्क है कि ऐसे पेड़ों को पूजने से बेहतर है जो पेड़ हमारे जीवन की रक्षा करते हों, ऐसे पेड़ों की पूजा की जाए। तुलसी के पत्ते जहां एक ओर हमारी अनेकों बीमारियों की रोकथाम में कारगर है और इसमें हिन्दू धर्म में भगवान का वास भी होता है, ऐसा माना जाता है। ऐसे में गुरूवार को तुलसी पूजन की धूम भी सभी जगह दिखाई पड़ी। चर्च की भीड़ कम देखते हुए सबकी जुबान पर यही बात रही कि वास्तव में अब लोग अपने धर्म की ओर वापस लौट रहे हैं। इसी के चलते चर्च में जाने वालों की संख्या कम हुई है।













## 67 लोगों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 42 की मौत

**कजाखस्तान, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** अक्तौ हवाई अड्डे के पास एक विमान हादसे का शिकार हो गया है। विमान में 62 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। हादसे में अब तक 19 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 42 लोगों लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक संख्या अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन हादसे का वीडियो देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हताहतों की संख्या काफी अधिक होगी।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अक्तौ शहर में विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया और आग के गोले में तब्दील हो गया। शुरूआती रिपोर्टों से पता चला है कि अजरबैजान एयरलाइंस का विमान अजरबैजान से रूस जा रहा था। इस बीच इसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद विमान की ओर से अक्तौ हवाई अड्डे से आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी गई। हालांकि, इस दौरान विमान क्रैश हो गया।



## रामपुर में आतंकियों के शव ले जा रही वैन सड़क हादसे का शिकार

**रामपुर 25 दिसंबर (वार्ता)** प्रदेश के रामपुर में पुलिस प्रशासन में उस समय हड़कंप मच गया जब पीलीभीत में एनकाउंटर में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादियों की शव ले जा रही वैन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पीलीभीत में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस के कंबाइंड ऑपरेशन एनकाउंटर में मारे गए खालिस्तानी तीन दहशतगर्दों की डेड बॉडी पंजाब ले जाई जा रहीं थीं। डेड बॉडी लेकर पंजाब जा रही एम्बुलेंस रामपुर बाईपास पर सड़क हादसे का शिकार हो गई। एंबुलेंस को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि आधी रात को हुए सड़क हादसे की खबर मिलते ही रामपुर पुलिस ने पंजाब पुलिस की मोबाइल फोरेंसिक वैन से तीनों टेररिस्ट की डेड बॉडी एम्बुलेंस में ट्रांसफर कर पंजाब के लिए रवाना किया गया। सड़क हादसे में कोई पुलिसकर्मी और ड्राइवर बाल बाल बच गए। कप्तान पुलिस विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि मध्य रात्रि पीलीभीत से तीन आतंकियों के शव पंजाब जाते हुए रामपुर बाई पास पर मोबाइल फोरेंसिक वैन को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे मोबाइल फोरेंसिक वैन क्षतिग्रस्त हो गयी। फिलहाल तीनों टेररिस्ट की डेड बॉडीज को एम्बुलेंस में ट्रांसफर कर पंजाब के लिए सकुशल रवाना किया गया है। गौरतलब है कि बीते दिन पीलीभीत के पूरनपुर में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस की कंबाइंड टीम से हुए एनकाउंटर में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन टेररिस्ट को मार गिराया गया था। इनके पास से एके-47 राइफल, पिस्टल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए थे। पोस्टमार्टम के बाद तीनों टेररिस्ट की डेड बॉडीज एंबुलेंस द्वारा पंजाब ले जाए जा रहे थे कि रामपुर बाईपास पर सांवरिया फॉर्म के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा मोबाइल फोरेंसिक वैन को टक्कर मार दी गई।

## नैनीताल में बस खाई में गिरी, तीन मरे, 24 घायल

**नैनीताल, 25 दिसंबर (वार्ता)** उत्तराखंड के भीमताल में सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) की बस दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 अन्य लोग घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोडवेज की बस दिन में पिथौरागढ़ से हल्द्वानी जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस 20 से 25 लोग सवार थे। भीमताल-हल्द्वानी मार्ग पर सलड़ी आमडाली के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 यात्री घायल हो गए हैं। गंभीर घायलों को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा जा रहा है। राज्य आपदा न्यूनीकरण बल की दो टीमें और भीमताल पुलिस मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी है। इस दुर्घटना में बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस दुर्घटना पर दुख जताया है और सभी यात्रियों की कुशलता की कामना की है।



## संभल के बवाल में शामिल सात और उपद्रवी पुलिस ने जेल भेजे

**संभल, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** संभल कोतवाली पुलिस ने उपद्रव में शामिल सात आरोपियों को जेल भेजा है। आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकारा कि वह उपद्रव में शामिल थे। हालांकि पुलिस इन आरोपियों के कब्जे से बरामदगी कुछ नहीं कर सकी है। एसपी का कहना है कि बवाल के दौरान जो फोटो लिए गए थे उन फोटो के आधार पर आरोपियों की पहचान हुई और इसी आधार पर गिरफ्तार किया गया। बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में टीम लगी है। इन सात आरोपियों समेत 49 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

## कम नहीं हो रही मुसीबत, खंगाली जा रही पूर्व सांसद कादिर राणा की लोकेशन

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** पांच दिसम्बर को राणा स्टील में हुए जीएसटी टीम पर हमले के बाद से पूर्व सांसद कादिर राणा और उनके परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। अब इसे ग्रहों की चाल कहिए या फिर समय खराब कहिए, फिलहाल लगातार राणा परिवार की मुश्किलें कहीं से भी कम होती नहीं दिखाई पड़ रही हैं, कहीं शाहनवाज राणा जेल से बाहर नहीं आ पा रहे हैं, तो वहीं अब खुद पूर्व सांसद कादिर राणा की जमानत खारिज हो जाने के बाद उनकी लोकेशन खंगाली जा रही है। चूंकि थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा जीएसटी पर हुए हमले के मामले में डिप्टी डायरेक्टर के बयानों के आधार पर कादिर राणा को 120बी का मुल्जिम बताया गया था। इस मामले में सोमवार को पूर्व सांसद कादिर राणा की अग्रिम जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। सूत्रों की माने तो थाना सिविल लाइन पुलिस पूर्व सांसद की लोकेशन खंगाली रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जा सकती है।






## नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

**चरथावल, 25 दिसम्बर (बु.)।** चरथावल कुटेसरा से पावटी मार्ग पर बाइक सवार युवकों के सामने नीलगाय आने से एक युवक की जहाँ मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं दूसरा गंभीर अवस्था में मुजफ्फरनगर निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। देर शाम कुटेसरा गांव में रिश्तेदारी से वापस लौट रहे बरला निवासी दो बाइक सवार लोगों की बाइक अँधेरे के समय सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गयी, जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीण दोनों को लेकर मुजफ्फरनगर निजी अस्पताल पहुँचे, जहाँ डाक्टरों ने बरला निवासी 45 वर्षीय आस मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल उस्मान की हालत भी नाजुक बनी हुई है। देर रात चरथावल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बरला निवासी मृतक आस मोहम्मद के परिजन उसके शव को बिना किसी कार्यवाही के घर ले गए। अचानक हुए हादसे से मृतक के परिजनों मे हाहाकार मच गए और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर हमले में दोनों पक्ष की ओर से तहरीर

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार की शाम पुरकाजी विधानसभा के गांव रोहाना कलां में प्रधान धर्मेन्द्र की गौशाला में गौकशी होती देख बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गये थे, जहां प्रधान समर्थकों ने धमकी देते हुए बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का जिला चिकित्सालय में उपचार भी कराया गया। उक्त मामले में पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया गया। बुधवार को हमले के मामले में गौशाला संचालक व पूर्व प्रधान समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का बताना है कि अभी दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर आई है। बिना रिपोर्ट दर्ज किये मामले की जांच की जा रही है।



## टेस्ट रैंकिंग में बुमराह ने अश्विन की बराबरी की

**दुबई, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी की पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में बुमराह ने 94 रन देकर नौ विकेट हासिल किए थे। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह करियर की सर्वोच्च रेटिंग 904 रेटिंग अंक हासिल करने में सफल हो गए। उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2016 में अश्विन ने सर्वोच्च रेटिंग (904) हासिल की थी। वह संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज बन गए।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 26 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1748- फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर। 1904- दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन। 1925- तुर्की में ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना। 1977-सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1997-उड़ीसा की प्रमुख पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की। 2002-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में पुनः संघर्ष शुरू होने की सूचना दी। 2003-ईरान के दक्षिण पूर्वी शहर बाम में रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से भारी तबाही। 2004-रिक्टर पैमाने पर 9.3 की तीव्रता वाले भूकंप से आई सुनामी के कारण श्रीलंका, इंडिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आस पास के क्षेत्रों में भारी तबाही। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत। 2006-शेन वार्न ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा। 2007-तुर्क विमानों ने इराकी कुर्द ठिकानों पर हमले किये। 2012-चीन की राजधानी बीजिंग से ग्वांग्झू शहर तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग को खोला गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1500, रसकट ढैया 1230-1245, चाकू 1410-1651, लड्डू 1500-1651, खुरपापाड़ 1470-1490, शक्कर मसाला 1620-1635। आमद- 600 मन

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78300 | चांदी- | 89650 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58575 |

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 26 दिसम्बर, 2024**

**मेष-** आरोग्य सुख में वृद्धि, महत्वपूर्ण योजनाएँ फलीभूत, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, राजकीय पक्ष से सहयोग, भोग-विलास में रुझान, अध्यवसाय में रुझान।
**वृषभ-** निराशा का समापन, शुभ कार्यों में व्यय, मन प्रसन्न, व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक प्रतिष्ठा, अभिलाषा की पूर्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुझान।
**मिथुन-** इच्छित कार्यों में सफलता, अधीनस्थ सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, नवप्रयास सार्थक, धन संचय में प्रवृत्ति, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता।
**कर्क-** नवयोजना अधूरी, व्यापारिक हानि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, आपसी मतभेद उजागर, गलतफहमी के शिकार, पठन-पाठन में अरुचि।
**सिंह-** दिनमान अनुकूल, जटिल समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु व्यय, वरिष्ठद्जनों की सलाह मान्य, आर्थिक उन्नति का सुयोग।
**कन्या-** परिस्थितियाँ सुधार पर, मित्रों से विचार-विनियम, समस्या का समापन, लाभ का सुअवसर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, शुभकृत्य सम्पादित।
**तुला-** समय निराशाजनक, पारिवारिक उलझनें प्रभावी, स्वजनों से विवाद की आशंका, आपसी सम्बन्धों में कटुता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, प्रतियोगिता में असफलता।
**वृश्चिक-** कार्यों में अड़चनें, आर्थिक प्रगति में व्यवधान, आत्मविश्वास में कमी, व्यक्ति विशेष से विश्वासघात की आशंका, इच्छा की पूर्ति में बाधा, आकस्मिक व्यय।
**धनु-** अभीष्टद् सिद्धि का प्रयास सार्थक, नवीनयोजना में रुचि जागृत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, शिक्षा में सफलता।
**मकर-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, परिश्रम के अनुरूप सफलता, कठिनाइयों में कमी का एहसास, दूसरों के आश्वासनों से राहत, धन संचय की ओरं प्रवृत्ति।
**कुम्भ-** कार्यों में सफलता, आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त, आपसी सौहार्द, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, धार्मिक क्रिया-कलापों में रुचि।
**मीन-** दिनचर्या अव्यवस्थित, बौद्धिक क्षमता का ह्रास, आय में न्यूनता, सदस्यों से गलतफहमी के शिकार, सुख में दिक्कतें, शत्रु सक्रिय, व्यर्थ का भाग दौड।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# रेनबो प्रीस्कूल में क्रिसमस-डे पर हुआ खेल दिवस





**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** रेनबो प्रीस्कूल, प्रेमपुरी में 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने दौड़, पिरामिड का निर्माण, टग ऑफ वॉर, फ्रॉग रेस जैसे अनेकों खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सभी का मनोरंजन किया। स्कूल की प्रिंसिपल तृप्ति जैन ने बच्चों को मेडल देकर उनका उत्साह वर्धन किया। स्पोर्ट्स एक्टिविटी और ग्रुप फोटोग्राफ के बाद सांता क्लॉज के द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किए गए, जिसका सभी बच्चों ने खूब आनंद लिया। तृप्ति जैन ने बताया कि स्कूल में सत्र 2024-2025 के लिए प्ले क्लास से यूकेजी क्लास तक के एडमिशन आरंभ हो गए हैं और दिसंबर में एडमिशन कराने पर विशेष छूट भी दी जा रही है। अभिभावकों ने बताया कि वह बच्चों के एक साल की प्रोग्रेस से बेहद संतुष्ट हैं। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर स्नेहा हुरिया और अध्यापिका दीपाली बंसल, शिल्पी मित्तल, छाया मैम ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सर्व ब्राह्मण महासभा ने किया मालवीय-अटल को नमन

## सीएमओ की मौजूदगी में 86 यूनिट रक्तदान देकर की नई पहल वक्ताओं ने किया महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** महान शिक्षाविद महामना पं. मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष में बुधवार को सर्व ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत की जिला इकाई ने एक रक्तदान शिविर सरस्वती शिशु मंदिर साकेत में आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन कौशिक व संचालन हरीश गौतम व लक्ष्मण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के रूप में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सलाहकार ब्रह्म प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संदीप शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी अमित वत्स रहे। मुख्य अतिथियों ने पं. मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी को नमन करते हुए अतिथियों पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सपा नेता राकेश शर्मा, राजीव शर्मा डीजीसी, राजेश शर्मा, डॉ. सुभाष शर्मा पूर्व चैयरमेन, सतीश भारद्वाज, पुनीत वशिष्ठ, सुधीर शर्मा, उमादत्त शर्मा, मनोज शर्मा, शिल्पी राज वत्स द्वारा पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। रक्तदान शिविर का अवलोकन करने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वयं सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया मौजूद रहे। इस दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा के विशाल शर्मा व पंकज शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान 86 यूनिट रक्तदान किया गया। महासभा द्वारा रक्तदाताओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकांश वक्ताओं ने मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान ललित शर्मा एडीजीसी, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, संजय मिश्रा, कमलकांत शर्मा, यशपाल पंवार पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित कौशिक, सतीश भारद्वाज, अंकित शर्मा, पूनम शर्मा, देवेश शर्मा, योगेश शर्मा, पंकज शर्मा, मनोज शर्मा, जनार्दन कौशिक, डॉ. योगेंद्र शर्मा, डॉ. अनिमेष भारद्वाज, कन्हैया शर्मा, अभिनव प्रकाश, अभिनव मुद्गल, अमित वत्स, सुनील अंगिरा, पं. अरुण मिश्रा, बृजेश दीक्षित, सुबोध दीक्षित, हिमांशु कौशिक सभासद, अतुल शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज प्रबन्धन विभाग में स्पैक्ट्रा 2024 का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबन्धन विभाग (एमबीए) में गैट टू गैदर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ-साथ शैक्षणिक नाटिका का भी आनन्द लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया।
इस अवसर पर डॉ. सौरभ मित्तल डीन मैनेजमेन्ट, डॉ. पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय, डॉ. एस.एन. चौहान निदेशक श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, डॉ. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमबीए के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, एकल गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बौद्धिक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। डॉ. सौरभ मित्तल, डीन मैनेजमेंट ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए और पुराने विद्यार्थियों को एक दूसरे से रूबरू करने के साथ-साथ संस्थान और विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराना होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज मुजफ्फरनगर प्रबन्धन विभाग के डॉ. राजीव रावल, डॉ. चित्रा श्रीवास्तव, निवेदिता, शगुन शर्मा एवं अतुल रघुवंशी का विशेष योगदान रहा।

# सिक्किम के शहीद लोकेश सहरावत को दूसरी पुण्यतिथि पर किया गया याद



**भोपा, 25 दिसम्बर (बु.)।** नॉर्थ सिक्किम में सड़क हादसे में शहीद हुए लोकेश सहरावत की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित शोक सभा में गणमान्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, किसान संगठन, खाप के नेताओं, पदाधिकारियों, प्रधानाचार्य आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद को नमन किया। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गाँव युसुफपुर निवासी लोकेश सहरावत 23 दिसम्बर 2022 को नॉर्थ सिक्किम में 14 हजार फीट की ऊँचाई पर स्थित दुर्गम स्थान पर सैनिकों की गाड़ी पलटने के दौरान हुए हादसे में शहीद हो गये थे। बुधवार को गांव युसुफपुर में लोकेश सहरावत की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित शोक सभा में भारी सँख्या में पहुँचे गणमान्य व आमजनों ने शहीद लोकेश के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए देशभक्ति के जज्बे व राष्ट्रसेवा को लेकर अपने विचार रखे तथा लोकेश सहरावत के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।
प्रशासन की ओर से शहीद लोकेश को श्रद्धांजलि देने पहुंचे तहसीलदार सतीशचंद बघेल ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तथा परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि शहीद के परिवार के साथ प्रशासन सदैव खड़ा है। उन्होंने शहीद की पत्नी काजल से बात कर शहीद के पुत्र नवजीत को दुलार किया। इस दौरान रालोद के मंडल अध्यक्ष गुड्डू तोमर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतनाम बंजारा, सतीश सहरावत, उदयवीर सिंह, पवन राठी, रालोद के विकास चौधरी, अमित कुमार, गुरदीप, श्रीपाल महाराज, महकार सिंह, मदनपाल सिंह, जयपाल सिंह, नरेश भारती, सुभाषचंद, लेखपाल सुरेशचन्द, राहुल जौहरी, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

# शाहपुर में भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी को किया नमन



**शाहपुर, 25 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।
कस्बे में पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने के साथ राष्ट्र के प्रति सेवा भाव से कार्य किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सभी अटल जी के आदर्शों पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य करें। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी ने कहा कि अटल जी एक महान चिंतक व विचारक थे। उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपना अहम योगदान दिया । पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने अपने जीवन काल में सदैव देश हित के कार्य किए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीष त्यागी, डॉ. कुलदीप त्यागी प्रधान, मोनू सैनी पलड़ी, जोनू त्यागी, डॉ. अरविंद त्यागी, डॉ. सतीश सैनी, मणिकांत मित्तल, नवदीप मित्तल व मौजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षाविद् पंडित मालवीय को नमन करते हुए किया गया याद







## मालवीय चौक पर हवन एवं माल्यार्पण पर बांटा प्रसाद, दो मिनट का मौन रखकर दी अरविंद राज के छोटे भाई को श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** महान शिक्षाविद् महामना पं. मदनमोहन मालवीय की 163 वीं जयंती के अवसर पर नगर के मालवीय चौक स्थित प्रतिमा स्थल परिसर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धाभाव से नमन किया और उनके बताए सद्मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। मालवीय चौक पर बुधवार सुबह विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों की ओर से शिक्षाविद् पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं इस बीच दी महामना मालवीय एजूकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रातः बेला में हवन-यज्ञ करते हुए यहां पर प्रसाद का वितरण किया।
बुधवार को महान शिक्षाविद पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, सपा के प्रदेश प्रदेश सचिव राकेश शर्मा, पंडित उमादत्त शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पं. सुभाष शर्मा, केके शर्मा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, शिशु प्रधान, प्रमोद शर्मा, सभासद देवेश कौशिक, हिमांशु कौशिक, योगेश शर्मा, डॉ. उदय आत्रेय, अमित वत्स, सुभाष गौतम, सुबोध शर्मा, ऋषभ देव शर्मा, अनिल शर्मा, अमित शर्मा, पं. ध्यान चन्द कुश, प्रह्लाद शर्मा, आत्माराम दीक्षित, राकेश शर्मा आदि ने मालवीय चौक पर पहुंच माल्यार्पण किया। इस बीच अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि वास्तव में देश में शिक्षा के क्षेत्र में महामना पं. मदनमोहन मालवीय का अतुलनीय योगदान रहा है और इसके लिए भारतरत्न से भी उन्हें सम्मानित किया गया। आज भी छात्र सनातन संस्कृति की शिक्षा ग्रहण करते हुए उन्हें श्रद्धा से याद करते हैं, उनका जीवन संघर्ष की एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि शिक्षाविद् महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने विभिन्न परिस्थितियों से गुजरते हुए किस प्रकार अपने जीवन में संघर्ष किया और कैसे वो आज हम सबके प्रेरणा स्रोत बने। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। कहना गलत न होगा कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का नाम हमेशा स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जाएगा। उधर, मालवीय चौक पर मालवीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व समिति पदाधिकारियों के साथ विद्यालय के बच्चों ने पंडित मालवीय को माल्यार्पण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। बुधवार को मालवीय चौक पर शिक्षाविद् मदन मोहन मालवीय को माल्यार्पण करते हुए दी महामना मालवीय एजूकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेश कौशिक वार्ड सभासद व प्रबंधक योगेश शर्मा की मौजूदगी में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द राज शर्मा के अनुज अरुण शर्मा कुतुबपुर के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए पाठ किया।

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण, एनीमिया मुक्त अभियान पर दिया जोर

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** सीएमओ सुनील तेवतिया ने मोरना ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरना का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवा व व्यवस्थाओं का जायजा लेकर चिकित्सा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. तेवतिया ने इस दौरान विशेष रूप से अग्निशमन यंत्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ- सफाई, कोल्ड चैन का निरीक्षण एवं औषधियों के रखरखाव का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई एवं रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं मोरना ब्लॉक प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए विशेष रूप से प्रयास करें गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां दी जाएं तथा उन्हें ससमय खाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि एनीमिया मुक्त महिलाओं को बनाकर, स्वस्थ बच्चे का जन्म होता है, जो समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान स्टेनो पाकेश कुमार उपस्थित रहे।

## मोहम्मद रफी जन्मशती....

# तुम मुझे यूं भुला न...

यह साल मोहम्मद रफी की जन्मशती का है। देश भर के कई शहरों में महानतम गायक मोहम्मद रफी का सौंवां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कई दिनों तक कई कार्यक्रम रखे गए। मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को हुआ था। यह साल मोहम्मद रफी की जन्मशती का है। रफी ने अपनी आवाज की मधुरता और विविधता के कारण अपने समकालीन गायकों के बीच अलग पहचान बनाई। मोहम्मद रफी को शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता था।1940 के दशक से आरंभ कर 1980 तक रफी ने हजारों गाने गाए। इनमें मुख्य धारा हिन्दी गानों के अतिरिक्त गजल, भजन, देशभक्ति गीत, कव्वाली तथा अन्य भाषाओं में गाए गीत शामिल हैं। 1952 में आई फिल्म बैजू बावरा का भजन 'मन तड़पत हरि दर्शन को आज' आज भी सुनने वालों को तल्लीन कर देता है। मोहम्मद रफी ने इस भजन को जिस तन्मयता से भक्ति रस में डूब कर गया, उतने ही भाव से शकील बदायूंनी ने इसे लिखा है और नौशाद ने दिल में उतर जाने वाले संगीत से इस भजन को सजाया, जिन अभिनेताओं पर उनके गाने फिल्माए गए उनमें गुरु दत्त, दिलीप कुमार, देव आनंद, भारत भूषण, जॉनी वॉकर, जॉय मुखर्जी, शम्मी कपूर,शशी कपूर,राजेंद्र कुमार,राज कुमार राजेन्द्र कुमार, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेन्द्र, जीतेन्द्र तथा ऋषि कपूर मिथुन चक्रवर्ती गोविंदा के अलावे गायक अभिनेता किशोर कुमार का नाम भी शामिल है।
रफी एक कव्वाली को आवाज देते हैं, ये इश्क इश्क है, इश्क इश्क, इश्क आजाद है, इश्क आजाद है, हिंदू न मुसलमान है इश्क, साहिर लुधियानवी की लिखी यह कव्वाली आज भी कव्वालियों में अव्वल है, इसमें मन्ना-डे ने भी रफी का साथ दिया।

## हरि ओम...हरि ओम...मन तड़पत हरि दर्शन को आज



मशहूर गायक मन्ना-डे और रफी की दोस्ती मशहूर रही। एक इंटरव्यू में पत्रकार के सवाल पर मन्ना-डे ने कहा था कि रफी साहब नंबर वन थे, मुझसे बेहतर, मैं अपनी तुलना सिर्फ़ रफी से करता हूँ। जैसा वह गाते थे, शायद ही कोई गा पाता। हम दो ऐसे गायक थे, जो हर तरह के गाने गा सकते थे। मन्ना-डे और मोहम्मद रफी एक दफा साथ में स्टेज शो कर रहे थे, तब मन्ना-डे ने मंच से कहा था, दोस्तो! इस युग में हजारों मन्ना-डे आएँगे पर कभी एक और मोहम्मद रफी नहीं होगा। मोहम्मद रफी ने उस दौर में गाने गाए, जब बतौर गायक मुकेश और किशोर कुमार भी फि ल्मों में छाए हुए थे। इन सबके आपसी रिश्ते बहुत अच्छे थे। मुकेश के बेटे नितिन मुकेश ने पत्रकारों से बातचीत में बताया था, इन सबका रिश्ता बहुत सुंदर था, मुझे ताज्जुब होता था, जब फोन उठाकर मुकेश जी रफी साब को कहते, रफी मियाँ! तुमने ये गीत इतना खूबसूरत गाया है। काश, मैं तुम्हारी तरह गा सकता। कभी रफी साब का फोन आता कि मुकेश तुमने कितना सुंदर गाया है। गुरु दत्त जब प्यासा फिल्म में भारत की हकीकत और हुकूमत दोनों से बेजार हो जाते हैं, तो साहिर का लिखा गीत रफी गाते हैं, जिन्हें नाज है हिंद पर, वो कहाँ हैं, कहाँ हैं, कहाँ हैं।
मोहम्मद रफी का प्रथम गीत एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए था, जिसे उन्होने श्याम सुंदर के निर्देशन में 1944 में गाया। उन्हें संगीतकार नौशाद ने पहले आप नाम की फिल्म में गाने का मौका दिया। सुजाता देव की किताब 'मोहम्मद रफी- ए गोल्डन वॉयस' में शम्मी कपूर याद करते हैं, हम लोगों को 'तारीफ करूँ क्या उसकी' गाना रिकॉर्ड करना था। रात भर मैं सो नहीं पाया, मैं चाहता था कि ये जुमला बार-बार दोहराया जाए और फिर गाने का अंत हो, लेकिन संगीतकार ओपी नैय्यर को मेरी सलाह पसंद नहीं आई, मेरी निराशा देखकर रफी,ओपी नैय्यर से बोले,पापा जी! आप कंपोजर हो, मैं गायक हूँ पर पर्दे पर तो शम्मी कपूर को ही एक्टिंग करनी है, उन्हें करने दो, अगर अच्छा नहीं लगेगा, तो हम दोबारा कर लेंगे। रफी साहब ने वैसे ही गाया, जैसा मैंने सोचा था। शम्मी कपूर बताते हैं,जब ओपी नैय्यर ने गाना देखा, तो मुझे बाँहों में भर लिया और दुआएँ दीं। रफी साहब ने अपनी शरारती पर नरम आवाज में कहा कि अब बात बनी न रफी साहब चुटकी में दिल जीत लेते थे, मैं मोहम्मद रफी के बगैर अधूरा हूँ। शम्मी कपूर पर ही, 'चाहे कोई मुझे जंगली कहे' फिल्माया गया था। उनके गाए बहुत से गीत अमर हैं जैसे- तुम मुसर जो तेरा चकराए, चौदहवीं का चाँद हो,हुस्नवाले तेरा जवाब नहीं, तेरी प्यारी प्यारी सूरत को, ऐ गुलबदन, मेरे महबूब तुझे मेरी मुहब्बत की कसम,चाहूंगा में तुझे, छू लेने दो नाजुक होठों को, बहारों फूल बरसाओ, मैं गाऊं तुम सो जाओ, बाबुल की दुआएं लेती जा, दिल के झरोखे में, कारवाँ गुजर गया, खिलौना जानकर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हो, पर्दा है पर्दा, क्या हुआ तेरा वादा, आदमी मुसाफिर है, चलो रे डोली उठाओ कहार, मेरे दोस्त किस्सा ये, दर्द-ए-दिल, दर्द-ए-ज़िगर, **तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे** मैने पूछा चांद से सहित असंख्य गाने हैं जो दिल में उतर जाते हैं। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने अपनी पहली फि ल्म 'पारसमणि' भी रफी के साथ की थी। संयोग से 1980 में आई लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की फिल्म आसपास में मोहम्मद रफी ने अपना अन्तिम गाना गाया, तेरे आने की आस है दोस्त, शाम क्यूँ उदास है दोस्त। 31 जुलाई 1980 को 55 वर्ष की आयु में मोहम्मद रफी का मुम्बई में निधन हो गया। अपनी आवाज के रूप में वे जिन्दा रहेंगे।

प्रस्तुति-**सुनील 'उत्सव'**

## एक माह से अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी युवक शोएब गिरफ़्तार



**मीरापुर, 25 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे से करीब एक माह पूर्व दूसरे सम्प्रदाय के युवक द्वारा अपहृत किशोरी को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला मुश्तर्क निवासी अंशु ने मुकदमा दर्ज कराया था कि मौहल्ले का ही शोएब उर्फ सुहैल पुत्र इकराम उसकी नाबालिग बहन का अपहरण करके ले गया है, जिसके बाद से पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना के आधार पर बुधवार की दोपहर में आरोपी शोएब उर्फ सुहैल को भुम्मा अड्डे के निकट से गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के कब्जे से अपहृत युवती को भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

## मुर्मु, धनखड़ और मोदी ने अटल को दी भाव श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर (वार्ता)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती पर नयी दिल्ली स्थित उनके समाधि स्थलल 'सदैव अटल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री वाजपेयी की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करते हुए 'सुशासन दिवस' भी मनाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख जेपी नड्डा उन शीर्ष नेताओं में शामिल रहे, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। श्री वाजपेयी को याद करते हुए श्री मोदी ने एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को 'भारत के 21वीं सदी में प्रवेश के वास्तुकार' के रूप में संबोधित किया, जिसने देश की आर्थिक प्रगति के लिए मंच तैयार किया। श्री मोदी ने लिखा कि वह एक ऐसे राजनेता के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जो अनगिनत लोगों को प्रेरित करते रहे हैं।

## ट्रम्प ने की मौत की सज़ा कम करने पर बाइडेन की आलोचना

**वाशिंगटन, 25 दिसंबर (वार्ता)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संघीय मौत की सजा पाए 37 लोगों की सजा कम करने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की तथा इसे पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के लिए झटका बताया। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो बाइडेन ने अभी-अभी हमारे देश के 37 सबसे बुरे हत्यारों की मौत की सज़ा कम की है। जब आप प्रत्येक के कृत्यों को सुनेंगे, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि श्री बाइडेन ने उनकी सजा कम कर दी है। इसका कोई मतलब नहीं। रिश्तेदारों तथा दोस्तों को इससे और दुख हुआ है। वे विश्वास नहीं कर सकते हैं कि ऐसा हो रहा है। श्री बाइडेन ने सोमवार को संघीय मौत की सजा वाले 40 व्यक्तियों में से 37 की सजा को कम कर दिया, उनकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सूची में कम से कम पांच बाल हत्यारे और कई सामूहिक हत्यारे शामिल हैं।

## खूब हो रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का खुला उपयोग




**बुढ़ाना, 25 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में पूर्ण रूप से सिंगल यूज पलास्टिक पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद फिर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी भी सूरत में बन्द नहीं हो पा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिये लगातार खतरा ही उत्पन्न कर रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए शासन स्तर से प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान चलाये जाने के लिए नगर पंचायतों को भी निर्देशित किया गया है। इसके अलावा बुढ़ाना कस्बे में दिन प्रतिदिन बढ़ते अतिक्रमण से भी नगरवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे की सड़कों पर अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाएं भी घटित होती रहती हैं। दिन प्रतिदिन बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़कों पर जाम आदि की समस्या के साथ सफाई व्यवस्था भी बाधित हो रही है। उक्त दोनो गंभीर समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारी बन्धुओं के सहयोग की जरुरत के दृष्टिगत एक बैठक का आयोजन 26 दिसम्बर को गुरुवार के दिन सुबह 11 बजे बुढ़ाना नगर पंचायत के कार्यालय में किया जा रहा है। जिसमे नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने बैठक में सबसे पहुंचने का आह्वान किया है।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती

कल देश के पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी का 100 वां जन्म दिवस मनाया गया। दिल्ली सहित कई नगरों में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती मनायी गयी। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी कविताओं की साहसिक पंक्तियों का उल्लेख अपने लेख में किया, 'मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं', लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं' अटल जी के ये शब्द कितने साहसी, कितने गूढ़ हैं? प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के मौके पर एक लेख लिखा है। इस लेख के माध्यम से उन्होंने न सिर्फ अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया बल्कि उनकी कही बातों की महत्ता को भी उजागर किया। पीएम मोदी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बिताए अपने लम्हों को आज भी याद कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बिताए उनके इन्हीं पलों में से एक वो पल था, जब अटल जी ने नरेन्द्र मोदी से मिलते ही उनकी पीठ पर धौल जमा दी और उन्हें गले लिया था। अपनी श्रद्धांजलि में पीएम मोदी ने स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी परियोजनाओं में उनकी दूरदर्शिता, परमाणु परीक्षणों के दौरान उनके नेतृत्व और भारतीय लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए वाजपेयी की सराहना की। प्रधानमन्त्री मोदी ने लिखा,हमारा देश 21वीं सदी में भारत के परिवर्तन के निर्माता होने के लिए अटल जी का हमेशा आभारी रहेगा, जब उन्होंने 1998 में प्रधानमन्त्री पद की शपथ ली थी, तब हमारा देश राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था। लगभग नौ वर्षों में हमने चार लोकसभा चुनाव देखे थे। भारत के लोग अधीर हो रहे थे और सरकारों के काम करने की क्षमता को लेकर भी संशय में थे। यह अटल जी ही थे, जिन्होंने स्थिर और प्रभावी शासन प्रदान करके इस धारा को मोड़ दिया। साधारण पृष्ठभूमि से आने के कारण, उन्होंने आम नागरिक के संघर्ष और प्रभावी शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को महसूस किया। वाजपेयी की प्रशंसा करते हुए प्रधानमन्त्री ने लिखा कि उनके युग ने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और संचार की दुनिया में एक बड़ी छलांग लगाई। अटल सरकार के कई ऐसे साहसिक कार्य हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वह गौरव दिवस याद है, जब एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन अटल जी की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को एक और परीक्षण किया गया। इस दूसरे परीक्षण ने दुनिया को यह दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो अलग मिट्टी से बना है। उनके शासनकाल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आयीं कारगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायराना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत का हित सर्वोपरि रहा। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। वे 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्हें 27 मार्च 2015 को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमन्त्री रहे हैं। सबसे पहले 1996 में 13 दिनों के लिए वह प्रधानमन्त्री बने थे। बहुमत साबित नहीं कर पाने की वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। दूसरी बार वे 1998 में प्रधानमन्त्री बने। सहयोगी पार्टियों के समर्थन वापस लेने की वजह से 13 महीने बाद 1999 में फिर आम चुनाव हुए। 13 अक्टूबर 1999 को वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। इस बार उन्होंने 2004 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोराजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी काम किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा, परन्तु सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 1957 में बलरामपुर जिला गोण्डा, उत्तर प्रदेश से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजयी होकर लोकसभा में पहुँचे। 1957 से 1977 तक जनता पार्टी की स्थापना तक वे बीस वर्ष तक लगातार जनसंघ के संसदीय दल के नेता रहे। 1980 में जनता पार्टी से असन्तुष्ट होकर इन्होंने जनता पार्टी छोड़ दी और भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में मदद की। 06 अप्रैल 1980 में बनी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद का दायित्व भी वाजपेयी को सौंपा गया। अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। वाजपेयी प्रधानमन्त्री पद पर पहुँचने वाले मध्यप्रदेश के प्रथम व्यक्ति थे। वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। 2009 में स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ताओं के कारण सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्त हुए। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष, बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्म पितामह भी कहा जाता है। उन्होंने 24 दलों के गठबन्धन से सरकार बनाई थी, जिसमें 81 मन्त्री थे। 16 अगस्त 2018 को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका निधन हो गया। 2024,अभिनेता राजकपूर, राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी, महानतम गायक मोहम्मद रफी इन तीन विभूतियों की जन्मशती के रूप में याद किया जाएगा। 1924 में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म हुआ और इसी वर्ष सिने अभिनेता राजकपूर का जन्म भी हुआ और अमर गायक मोहम्मद रफी का जन्म भी 1924 ही में हुआ। 25 दिसम्बर 2024 को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती मनायी गयी और 24 दिसम्बर 2024 को मोहम्मद रफी की जन्मशती मनायी गयी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'लंगर' 'देव' 'धरती' 'दाल'**

भोजन का वितरण होता है, लंगर चलते रोज यहाँ,  
ये भारत की पुण्य भूमि है, देव यहाँ पर बसते हैं।  
ऐसा भी है इस धरती पर आटे दाल की लूट मचे,  
अपना ये सौभाग्य है हम पुण्य भूमि पर जन्मे है।





# डीएवी कॉलेज में अटल जी के जन्म शताब्दी समारोह का सजीव प्रसारण

## - बिजनौर के सांसद, मीरांपुर विधायक व डीएम ने किया दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ - भाषा एवं निबंध प्रतियोगिता के बच्चों को किया पुरस्कृत

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** लखनऊ के लोक भवन में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बुधवार को डीएवी पीजी कॉलेज में देखा गया। इस अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस डीएवी पीजी कॉलेज में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान के साथ मीरांपुर विधायक मिथलेश पाल उपस्थित रही। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ संदीप भांगिया, डीआईओएस राजेश श्रीवास, बीएसए संदीप कुमार, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, कॉलेज की प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन और सचिव डॉ. एमके बंसल द्वारा संयुक्त रूप से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तर पर भाषण, निबन्ध और एकल काव्य पाठ में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान डिग्री स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में राज शेखर प्रथम, पारखी त्यागी द्वितीय और अक्सा हयात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल काव्य पाठ में वैदेही शर्मा ने प्रथम, अर्जुन सिंह ने द्वितीय और अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए नई सोच को जाग्रत किया। इसके अलावा माध्यमिक स्तर पर निबंध लेखन में आफरीन ने प्रथम, पायल ने द्वितीय और उपासना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह व जिला समन्वयक आशीष द्विवेदी की कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय त्यागी, ललित मोहन गुप्ता, प्रशांत शर्मा, संदीप कौशिक, राहुल शर्मा, अभिषेक बंसल, पवन कुमार, अमित जैन, अमित कुमार, अमित शर्मा, महेश शर्मा, डॉ. सत्येंद्र शर्मा, डॉ. ऋतु मित्तल आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. राहुल शर्मा ने किया।



## क्रान्ति सेना जिला महिला मोर्चा की टीम में हुआ फेरबदल

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** आज क्रान्ति सेना जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर दीप जलाकर, रोली-कलावा बांधकर तुलसी माता की पूजा की गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष अलका शर्मा और जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी और शालू चौधरी महानगर अध्यक्ष, अंजु त्यागी महामंत्री के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की टीम में फेरबदल करते हुए राखी प्रजापति को महानगर अध्यक्ष और शालू चौधरी को जिला उपाध्यक्ष, मानसी को जिला सचिव और मोनिका को नगर उपाध्यक्ष की के पद से सम्मानित किया। इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी महिला मोर्चा क्रांति सेना, अलका शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, पूनम अग्रवाल सहारनपुर मंडल अध्यक्ष, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, शालू चौधरी महानगर अध्यक्ष, मीनू शर्मा जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला उपाध्यक्ष, निधि शर्मा नगर महामंत्री, राखी प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, मधु तायल जिला सचिव, कंचन बाटला संगठन मंत्री, अनीता प्रजापति जिला सचिव, सुमन प्रजापति सचिव, आरती वहलना, दीपा रानी सुजड़ू, मानसी आदि सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

## महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** शामली रोड पर योग साधना यशवीर योग साधना आश्रम बघरा के सामने हाईवे पर स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया गया। प्रातः आश्रम में यज्ञ किया गया महाराजा सूरजमल स्मारक के संस्थापक योग साधना यशवीर आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल एक निडर हिंदू महायोद्धा थे, जिन्होंने दिल्ली के बादशाह पर आक्रमण करके मुस्लिम शासन को हिला दिया था। इतिहास के पन्नों में अंकित है कि भरतपुर रियासत कभी भी मुसलमानों और अंग्रेजों के आधीन नहीं रही। महाराजा सूरजमल एक ऐसे हिन्दू योद्धा थे, जिन्होंने सही अर्थों में सनातन धर्म और हिन्दुओं के अपमान का बदला दिल्ली के मुसलमान बादशाह को हराकर लिया था। आज के सेकुलर हिन्दू नेताओं को महाराजा सूरजमल से प्रेरणा लेनी चाहिए कि केवल सत्ता की कुर्सी ही सर्वोपरि नहीं है, जब बात अपने सनातन धर्म और राष्ट्र व स्वाभिमान की आये, तो इनकी रक्षा के लिए हर खतरे से लड़ जाना चाहिए। अब सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिन्दुओं को अपने पूर्वजों की तरह रक्षात्मक मोड से बाहर निकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा। ब्रह्मचारी मृगेन्द्र ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये समय सनातन धर्म के लिए निर्णायक चल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी गुलाब सिंह ने की। संचालन प्रवीण कश्यप ने किया। कार्यक्रम में सुभाष चौधरी, यज्ञकुमार मलिक, विवेक बालियान, पिन्कू पाल, उद्यम तोमर, मोहनलाल कश्यप, जगदीश पाण्डेय, नीशू गौसेवक आदि उपस्थित रहे।

## हनुमान चालीसा का भव्य आयोजन हुआ



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** श्री सत्संग भवन, शामली रोड, पेट्रोलपंप के पास कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फर नगर द्वारा गीतापाठ एवं हनुमान चालीसा का भव्य आयोजन हुआ। महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार मुजफ्फरनगर के महामंत्री श्री अतुल कुमार गर्ग ने बताया कि महाराज श्री की आज्ञानुसार एवं श्री-श्री बिहारी जी कि कृपा से विगत काफी वर्षो से निरन्तर जो साप्ताहिक गीतापाठ चल रहे हैं, उसी की कड़ी में साप्ताहिक गीतापाठ के शुभ अवसर पर भव्य गीता पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन शाम 04:30 से समाजसेवी श्याम लाल बंसल के सौजन्य से सत्संग भवन, शामली रोड पेट्रोल पंप के पास में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं विद्वान पण्डित भवानी शंकर ने विधिवत पूजन कराया तथा पूज्य कथा व्यास परमानन्द महाराज का कृष्ण कृपा परिवार द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतुल कुमार गर्ग द्वारा गणेश वन्दना, ओम नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र का जाप, श्रीकृष्ण कृपा अमृत का पाठ, अष्टा दश श्लोकी पाठ व गीता जी के बारहवें अध्याय का पाठ भाव पूर्वक कराया गया। तत्पश्चात रामबीर सिंह द्वारा गीता जी के सार को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। विपिन त्यागी, अजय गर्ग आदि ने सुंदर भजनों से सभी को भक्ति रस में सराबोर किया। गीतापाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन भाव में भारी संख्या में श्रद्धालुओ ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पण्डित जी एवं श्यामलाल बंसल, ताराचंद द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल कुमार गर्ग, रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, अजय गर्ग, सुभाष गर्ग, देवराज पंवार, रामकिशन, संजय, आदेश कुमार, रामप्रसाद, महेन्द्र दत्त, नरेंद्र, रामगोपाल, दया शंकर, हरि दत्त, बृजपाल, सुभाष, विपिन त्यागी, आशारानी, मगनरानी, कुसुम, उमा, सुशीला, सरोज आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# भाजपा कार्यालय पर किया पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को याद

## - मालवीय जी के शिक्षा क्षेत्र में किए कार्य सराहनीयः मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के गांधीनगर कार्यालय पर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल विहारी बाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष और शिक्षाविद् पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नई मंडी मंडल शाखा के कार्यकर्ताओं द्वारा जहां एक ओर अटल पद यात्रा निकाली गई। वहीं दूसरी ओर गांधी नगर पार्टी कार्यालय पर सुशासन दिवस पर विचार गोष्ठी एवं प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। गांधीनगर पार्टी कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी व प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व पूर्व विधायक अशोक कंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथियों ने कार्यकर्ताओं से अटल बिहारी बाजपेयी के राष्ट्र को समर्पित जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए देश व पार्टी हित में उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने के साथ धरातल पर काम किए जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संयोजक सुधीर खटीक, पवन छाबड़ा, डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, विशाल गर्ग, सीमा शर्मा, डॉ. जीत सिंह तोमर, दिनेश पुंडीर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुन्दरकांड सामूहिक कृतज्ञता पाठ सिद्धपीठ सिद्धबली धाम में 1 जनवरी को होगा

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** मानव कल्याण परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी को सिद्धपीठ सिद्धबलि धाम में सामूहिक सुन्दर कांड कृतज्ञता पाठ 1 जनवरी दिन बुधवार को प्रातः11 बजे से 1 बजे तक होगा। यह जानकारी देते हुए मानव कल्याण परिषद के कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वयक प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा बताया गया है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी 2025 दिन बुधवार को प्रातः6 बजे शिव चौक से बसें जाएंगी तथा सिद्धपीठ सिद्ध बलि मंदिर प्रागंण मे बाबा के सानिध्य मे 11 बजे से 1 बजे तक सुन्दर कांड पाठ होगा। पाठ के उपरांत भंडारे की भी व्यवस्था प्रतिवर्ष की भाति रहेगी। जाने के इच्छुक जन 9997259050 और 9412638078 पर संपर्क कर सकते हैं।

## छात्र-छात्रा को पकड़कर फोटो खीचे, छात्रा से हुआ दुष्कर्म

**मेरठ, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** महिला मित्र के साथ गंगानगर क्षेत्र में रविवार को कार में घूम रहे बीए द्वितीय वर्ष के छात्र कार्तिक गर्ग से चार आरोपियों ने कार व दस हजार रुपये लूट लिए। आरोपी ने युवक और युवती को पकड़कर उनके फोटो खींचे। इसके बाद युवती को छोड़ दिया और युवक को कार में बंधक बनाकर लूटपाट की। पुलिस ने गंगानगर में जिम चलाने वाले युवक समेत चारों आरोपियों को पकड़ लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ईव्ज चौराहा निवासी कार्तिक गर्ग विद्या नॉलेज पार्क में बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। 22 दिसंबर को वह अपनी कार में महिला मित्र के साथ गंगानगर के बहसूमा रोड पर घूम रहा था। तभी वहां से गुजर रहे चार आरोपियों ने दोनों को देखा और मोबाइल से उनके फोटो खींच लिए। छात्रा को वहां से भेजने के बाद आरोपियों ने कार्तिक से रुपये की मांग की। कार्तिक ने उन्हें दस हजार रुपये दे दिए। इस पर भी आरोपी नहीं माने। कार्तिक ने और रुपये देने से इंकार किया तो उसके साथ मारपीट की।

उसका मोबाइल छीन लिया और कार में बंधक बनाकर बहसूमा की तरफ ले गए। बहसूमा के जंगल में कार्तिक को फेंककर फरार हो गए। कार्तिक अपनी कार के पीछे भाग तो कुछ दूरी पर उसे अपना मोबाइल पड़ा मिला। घटना के बाद कार्तिक ने फोन करके अपने दोस्त आयुष को बुलाया। इसके बाद दोनों भावनपुर थाने पहुंच गए। पुलिस को बताया कि दोनों दोस्त बीएनजी स्कूल के सामने डिवाइडर रोड पर खड़े थे। तभी दोनों दोस्तों के साथ वारदात की गई। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि कार्तिक अपने दोस्त नहीं, बल्कि महिला मित्र के साथ था। बताया जा रहा है कि एक आरोपी हापुड़ का रहने वाला है और गंगानगर में जिम चलाता है। जबकि उसके साथी सहारनपुर और मेरठ के रहने वाले हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी। कंकरखेड़ा में सरधना रोड अशोक नगर की रहने वाली रिंकी कुमारी रविवार को बेगमबाग के पास से गुजर रही थी। तभी पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। सीओ कैंट प्रकाशचंद अग्रवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों को तलाश किया जा रहा है।

# महाकुंभ ड्यूटी को जनपद से रवाना हुआ होमगार्ड का काफिला

## - छह रोडवेज बसों में सवार हो निकले कुल 280 होमगार्डर्स - डिवीजन कमांडेंट ने हरी झंडी दिखा किया जवानों को रवाना

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर प्रयागराज में इस बार महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता पहले से काफी अच्छी हो रही है। प्रदेश में होने वाले इस महाकुंभ में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अखाड़ों की सुरक्षा को लेकर भी सरकार हर स्थिति पर नजर रखने के साथ व्यवस्था दुरूस्त करने में जुटी है। शास्त्रों में प्रमाण है कि कुंभ में देवताओं का वास होता है, वहीं ऋषि-मुनियों के साथ अखाड़ों के साथ ही देश-विदेश से श्रद्धालुओं के आने की संभावनाएं हैं। महाकुंभ में आने वाले लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए शासन स्तर से इस महाकुंभ में होमगार्ड विभाग ने 14100 जवान लगाए गए हैं। बुधवार को इस कड़ी में जनपद मुजफ्फरनगर से छह रोडवेज बसों में सवार होकर 280 होमगार्ड के जवानों का काफिला महाकुंभ प्रयागराज में ड्यूटी देने के लिए रवाना किया गया। मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो से रवाना हुई 6 बसों को होमगार्ड्स के डिवीजन कमांडेंट कृपा शंकर पांडेय व जिला कमांडेंट सतीश कुमार ने रवाना किया। जनपद मुख्यालय से रवाना हुए इन 280 होमगार्ड के जवानों को महाकुंभ मेला प्रशासन आने वाले दिनों में प्रमुख स्नानों के साथ कार्यक्रमों के बीच जिम्मेदारी सौंपेगा, जिसमें आशा व्यक्त की गई है कि जिले के ये होमगार्ड के जवान बेहतर करने का प्रयास करेंगे। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रयागराज के संगम घाट पर युद्धस्तर पर कार्य जारी हैं। सुरक्षा को लेकर भी लगातार शासन स्तर से कार्य किए जा रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से महाकुंभ को लेकर पुलिस कर्मियों की संख्या और नाम तैयार कर लिए गए हैं। पुलिसकर्मियों को महाकुंभ ड्यूटी के तैनाती के साथ होमगार्ड की भी तैनाती की जाएगी। होमगार्ड की तैनाती सूची तैयार करने के साथ ही उन्हें रवाना किया गया है। प्रयागराज रवाना होने से पहले इन होमगार्ड को प्रशिक्षण दिया गया। जिला होमगार्ड कमांडेंट ऑफिस प्रांगण में इन होमगार्ड को राहत बचाव को लेकर जानकारियां दिए जाने के साथ मॉक ड्रिल कराया गया।





## 80 छात्राओं को टैबलेट बांटे गये

**शाहपुर, 25 दिसम्बर (बु.)।** बुधवार को शान्ति देवी जैन डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन का वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्यामपाल भाई जी एवं सचिन जैन मैनेजमेंट तथा प्रधानाचार्या आशु मलिक एवं अन्य अध्यापक सत्यप्रभा, स्वर्णलता, सुहानी आर्य, पूजा सैनी, शशी, सोनिया त्यागी उपस्थित रहे। इस दौरान 80 छात्राओं को टैबलेट वितरण किये गये। इस दौरान आरती, आदित्य, आकाश, अंकित, कशिश, मोनिका, नेहा, निकिता, निशा वर्मा, पारूल, प्रीथी, सीमा, अभिषेक सैनी, अर्पित सिंह, गौरव, आदेश, अनुराग, नीलम, हिमांशी, सुनील, विमल, सोनू आदि उपस्थित रहे। इस दौरान 80 छात्र/छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये।

## रिजर्व पुलिस लाइन में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बुस.)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के वर्ष के उपलक्ष में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये गये। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा इस दौरान पुलिस बल को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र निर्माण में सुशासन की महती भूमिका अदा की है। उन्होंने सदैव यही बताया कि राष्ट्र में लोकतंत्र की सफलता वहां के सुशासन पर निर्भर होती है। उन्होंने देशवासियों को सुशासन के माध्यम से सदैव कल्याण करने का संदेश दिया। हमें भी उनके उच्च आदर्शो को जीवन में उतार कर सदैव राष्ट्र के प्रति सेवा भावना से कार्य करना चाहिए। जनपद के समस्त थानों पर भी पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।


ॐ शांति



स्व. श्रीमती ललिता केडिया

(धर्म पत्नी स्व. श्री मुरारी लाल जी केडिया)  
का स्वर्गवास 15 दिसंबर 2024 को हो गया है।  
उनकी आत्मिक शांति हेतु

रस्म तेरहवीं एवं ब्रह्म भोज

तिथि: 27 दिसंबर 2024, दिन-शुक्रवार

ब्रह्मभोजः दोपहर 12:00 बजे  
रस्म तेरहवीं: दोपहर 2:00 बजे

स्थानः अर्पण बैंक्वेट हॉल जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल :-  
डॉ रमेश चंद्र केडिया  
एवं समस्त केडिया परिवार



शोक सभा (रस्म तेरहवीं)



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी श्रीमती रमा मैनी धर्मपत्नी स्व. श्री नरेंद्र नाथ मैनी (भट्टे वाले) का स्वर्गवास दिनांक 15 दिसम्बर 2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं (शोक सभा) 26 दिसंबर 2024, दिन बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।

रस्म तेरहवीं

आज दिनांक 26 दिसम्बर 2024, बृहस्पतिवार

ब्रह्मभोज दोपहर 12.00 बजे  
रस्म पगड़ी दोपहर 2 बजे

स्थान : राजमंदिर बैंकेट हॉल, एस. डी. कॉलेज के सामने, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

विवेक मैनी-तनुजा मैनी (पुत्र-पुत्रवधू)  
अभय मैनी-सिमरन मैनी (पुत्र-पुत्रवधू)  
ऋषिका मैनी (पौत्री)  
भारती चड्ढा-रवि चड्ढा (पुत्री-दामाद)  
मोना भसीन-अमित भसीन (पुत्री-दामाद)  
विशाखा चौहान-प्रणव चौहान (पुत्री-धेवता)  
संजय मैनी-पूजा मैनी (भतीजा-भतीजवधू)  
संदीप मैनी-सीमा मैनी (भतीजा-भतीजवधू)  
विशाल मैनी-लीना मैनी (भतीजा-भतीजवधू)  
सौरभ मैनी-रिचा मैनी (भतीजा-भतीजवधू)

निवास स्थान :- 313, दक्षिणी भोपा रोड, संजय मार्ग, नई मंडी, मुजफ्फरनगर  
मो.- 8791995007, 9719125554


# फट्टियों के बने पुल से गुजरने को मजबूर है गांववासी

## - हिंडन नदी को फट्टियों से बने पुल से जान जोखिम में डालकर पार करते है गांववासी

### जान को जोखिम में डालकर पुल करते हैं पार

**चरथावल, 25 दिसम्बर (बु.)।** गांववासी कृष्ण पाल ने बताया कि महिलाओं और किसानों को नदी पार से घास लाने में दिक्कत होती है। कई बार संतुलन बिगड़ने से महिलाएं और बच्चें नदी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं और लकड़ी का पुल बहुत कम चौड़ाई का होता है, जिससे कई बार चारा आदि लाते समय सन्तुलन बिगड़ जाता है और महिलाएं व बच्चे चोटिल हो जाते हैं, वहीं नदी में पानी ज्यादा होने पर डूबने का भी खतरा बना रहता है। ध्यान रहे कि स्थायी पुल की मांग को लेकर भाकियू नेता विकास शर्मा ने अपनी टीम के साथ पानी में खड़े होकर धरना प्रदर्शन किया था।

### गांव की श्मशान की भूमि नदी पार है

**चरथावल, 25 दिसम्बर (बु.)।** वहीं सिकन्दरपुर गांव के प्रधान मौ. रजा बताते है कि नदी पार श्मशान की जमीन है, लेकिन अभी तक श्मशान घाट का निर्माण नहीं हो पाया है। गांववासियों को मजबूरन बदमिजाज मौसम में नदी की ढांग पर शव का अंतिम संस्कार करने को विवश होना पड़ता है।

### प्रशासन से भी कई बार गुहार लगा चुके है

**चरथावल, 25 दिसम्बर (बु.)।** पूर्व प्रधान पति दलमीर सिंह का कहना है कि गांव वाले प्रशासन से कई बार श्मशान घाट और पक्के पुल के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। जनप्रतिनिधियों से सिर्फ आश्वासन मिला। समस्या जस की तस है। बुग्गी और ट्रैक्टर-ट्राली लेकर किसानों को लंबी दूरी तय कर गन्ना छिलाई और अन्य कार्यों के लिए जाना पड़ता है।



**चरथावल, 25 दिसम्बर (बु.)।** चरथावल क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर के ग्रामीणों की जिंदगी रोज बल्लियों के पुल पर हिचकोले खा रही है। गुजर-बसर के लिए रोजाना लकड़ी का पुल पार करते समय मौत का सामना करना पड़ रहा है। वजह है गांव का सैकड़ों बीघे का रकबा हिंडन नदी के पार है। खेतों में जाने के लिए किसानों और मजदूरों को नदी पार करनी होती है। मुख्य पुल की दूरी चार से पांच किमी दूर पड़ती है, ऐसे में ग्रामीणों को मुख्य पुल से गुजरने के लिये बड़ी दूरी तय करनी पड़ती है, जिसे ग्रामीणों ने अपनी सुविधा और चार से पांच किलोमीटर की दूरी तय करने से बचने के लिए लकड़ी की बल्लियों पर लकड़ी की फट्टियों को लगाकर अस्थायी पुल तैयार किया है और गांववासी हिंडन नदी पर स्थायी पुल की मांग कर रहे हैं। सिकंदरपुर गांव के श्मशान घाट के हिंडन नदी के पार होने के कारण शवों का अंतिम संस्कार करने में भी पानी से गुजर कर जाना पड़ता है और चार पांच किलोमीटर की दूरी तय करने से बचने के लिए भी नदी के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गांव की महिलाओं को लकड़ी के पुल से बड़ा जोखिम उठाकर पशुओं के लिए चारा लेने के लिए नदी पार जाना पड़ता है। कई बार महिलाएं अस्थायी पुल से गिरकर चोटिल भी हो चुकी है। पिछले काफी दिनों से गांववासी स्थायी पुल की मांग बड़े जोर शोर से कर रहे है।

# युवाओं को धर्म के प्रति निष्ठा व जानकारी होनी चाहिए : नृपेन्द्र

## पथ संचलन के बूते दिया बाल स्वयं सेवकों ने देशभक्ति का संकेत ▸ फ्रेंड्स कॉलोनी, रामपुरी और पटेल नगर ने निकला पथ संचलन





**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** बुधवार को नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवकों ने गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों से पथ संचलन के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का बेहतर संकेत दिया। नगरीय क्षेत्र में निकले पथ संचलन पर लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवकों ने गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की स्मृति में द्वारकापुरी पार्क से शुरू पथ संचलन शिवपुरी, भोपा रोड होते हुए पुन: द्वारकापुरी पार्क में पूर्ण किया। पथ संचलन कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पटेलनगर के नगर संघचालक अनिल धमीजा ने की व कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक नृपेंद्र कुमार रहे। जिला प्रचारक नृपेंद्र कुमार ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान संपूर्ण हिंदू समाज के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने धर्म के लिए अपने जीवन को ही आहुत कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के नवयुवकों को अपने धर्म के प्रति निष्ठा व जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के बलिदान को ध्यान रखने के साथ समय-समय पर अपनी आने वाली पीढ़ियों को इस बात की जानकारी देनी चाहिए। इस दौरान पटेल नगर के नगर कार्यवाह योगेश सिंह, सह-नगर कार्यवाह आनंद धीमान, नगर प्रचारक आयुष, विभाग सेवा प्रमुख बृजेश कुमार, नगर प्रचार प्रमुख हेमू विक्रमादित्य, सह नगर प्रचार प्रमुख अशोक, नगर शारीरिक प्रमुख रामकुमार, सह नगर शारीरिक प्रमुख विकास कुमार, नगर बौद्धिक प्रमुख विकास आहुजा, नगर व्यवस्था प्रमुख बाल बहादुर, नगर संपर्क प्रमुख शोभित, नगर विद्यार्थी प्रमुख मूलचंद, जिला व्यवस्था प्रमुख नितिन समेत नगर और जिले के अन्य दायित्ववान कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

उधर, गुरू गोविंदसिंह के वीर बालक अजीत सिंह, जुझारसिंह, जोरावर सिंह व फतह सिंह के बलिदान दिवस को वीर बालक उत्सव के रूप में याद करते हुए बाल स्वयं सेवकों ने सैकड़ों की संख्या में पथ संचलन हनुमान नगर मौ. रामपुरी से शाहबुद्दीनपुर रोड से होते हुए वापस रामपुरी में सरोजनी देवी स्कूल के पास में पहुंचकर समाप्त किया। इस पथ संचलन में विभाग सह कार्यवाह विकास ने अपने उदबोधन में वीर बालकों के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे ये बालक वीरता दिखाते हुए विधर्मियों के आगे झुके नहीं। वीर हकीकत राय के बारे में बताते हुए सभी बाल स्वयं सेवकों को परिवार के प्रति दायित्व, माता-पिता से व्यवहार, राष्ट्र के प्रति आदर और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी व स्वदेशी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। पथ संचलन में हनुमान नगर संघ चालक श्रीपाल, फूल सिंह, कार्यवाह संजीव, सह कार्यवाह योगेश, जय प्रकाश, देवेंद्र, विनीत व प्रचार प्रमुख सहदेव व हिमांशु का सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं आरएसएस राम शाखा ने फ्रेंडस कॉलोनी पार्क से शुरू पथ संचालन इन्दिरा कॉलोनी, आनन्दपुरी व जीटी रोड़ होते हुए अस्पताल तिराहे से कच्ची सड़क बर्फखाने से होते हुए वापस राम शाखा पार्क में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता प्रांत संघ चालक प्रेमजी ने कहा कि बीते 21 से 27 दिसम्बर तक यह सप्ताह चल रहा है, इन्हीं 7 दिनों में गुरू गोविन्द सिंह का पूरा परिवार हिन्दू धर्म और संस्कृति के लिए शहीद हो गया था। वर्तमान परिवेश में संघ का यह पथ संचलन अपने बच्चों को धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि क्रिसमस डे के बजाए उन शहीदों को याद करने की जरुरत है, जिन्होंने धर्म व संस्कृति के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। इस दौरान नगर संघ चालक ओमवीर, कार्यवाह अनिल, हरीश, सतेन्द्र, नगर प्रचार प्रमुख संजय शिवम एड, राकेश, ब्रिजेश, कृष्ण कुमार, प्रवीण, मनीष, संदीप, भूपेन्द्र, रामकुमार, अनमोल, चरणसिंह समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### नए संसद भवन के सामने एक युवक ने खुद को लगाई आग

**दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** दिल्ली में नए संसद भवन के सामने एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर खुदकुशी करने की कोशिश की। युवक की इस हरकत के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया है। उसका इलाज जारी है। दिल्ली अग्निशमन विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि संसद भवन के सामने रेल भवन के पास हुई इस दुर्घटना के बारे में अपराह्न करीब 3.35 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि संसद के पास तैनात सुरक्षाकर्मी उस व्यक्ति को आरएमएल अस्पताल ले कर गए।

### ठेकेदारों को अब पांच नहीं सिर्फ दो साल ही करनी होगी सड़कों की मरम्मत व देखभाल

**लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान कर दिया है। जारी किए गए आदेश में साफ कहा गया है कि ठेकेदारों को अब पांच नहीं पहले की तरह सिर्फ दो साल के लिए ही सड़कों की मरम्मत व देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। बता दें कि इसके पहले दिए गए आदेश में इस समय को पांच साल कर दिया गया था जिस पर ठेकेदारों ने सरकार से गुहार लगाई थी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की ओर से सभी अभियंताओं को निर्देश भी भेज दिया गया है।

### तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली दंगे के आरोपी शाहरुख पठान को टिकट देगी एआईएमआईएम

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के दिल्ली प्रमुख शोएब जमाई ने दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान के परिवार से मुलाकात की है। जिसके बाद से चर्चा शुरू हो गई है कि, ताहिर हुसैन के बाद शाहरुख पठान को भी एआईएमआईएम चुनावी मैदान में उतार सकती है।

### कब्रिस्तान में शिवलिंग मिलने के बाद पूजा अर्चना

**गाजियाबाद, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने आबिदपुर मानकी गांव में कब्रिस्तान परिसर स्थित प्राचीन शिवलिंग का रास्ता मजार से अलग होने के बाद बुधवार को हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पूजा अर्चना कर रूद्राभिषेक किया। इस दौरान वहां भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शिवलिंग मजार की चाहरदीवारी में था। हिंदू युवा वाहिनी ने शिवलिंग का रास्ता मजार से अलग बनाने की मांग को लेकर थाने और तहसील पर दो दिन तक हंगामा प्रदर्शन किया था। दोनों समुदाय के लोगों की सहमति के बाद पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को शिवलिंग का रास्ता मजार से अलग करा दिया। हिंदू युवा वाहिनी के निर्वतमान जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी, महामंत्री नीरज शर्मा और निशांत त्यागी बड़ी संख्या में कार्यकताओं के वाहनों के काफिले के साथ बुधवार सुबह कब्रिस्तान स्थित प्राचीन शिवलिंग पहुंचे। इस दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे से वातावरण शिव मय हो गया। पंड़त राजेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ रूद्राभिषेक कराया। कार्यकताओं ने शिव तांडव और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

### आतंकी पन्नू की महाकुंभ को लेकर धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**प्रयागराज, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी पन्नू की महाकुंभ को लेकर दी गई धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। मंगलवार को एडीजी कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश शहर पहुंचे और एडीजी, कमिश्नर समेत तमाम आला अफसरों संग बैठक की। उन्होंने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वह बुधवार को भी शहर में ही रहकर महाकुंभ में सुरक्षा संबंधी तैयारियों का जायजा लेंगे। महाकुंभ को लेकर आतंकी पन्नू की धमकी संबंधी वीडियो मंगलवार दोपहर में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसकी भनक लगते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। स्थानीय खुफिया एजेंसी के साथ ही इंटेलिजेंस भी गोपनीय तरीके से अलग-अलग इलाकों की टोह लेने में जुट गई। उधर, मेला क्षेत्र में कैंप कर रही एटीएस की टीम ने मुस्तैदी बढ़ा दी है।

### पीड़ित बच्चे के परिवार को मिले दो करोड़, अल्लू अर्जुन ने एक करोड़ व मेकर्स ने 50-50 लाख दिए

**हैदराबाद, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** अभिनेता अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा' के निमार्ताओं ने भगदड़ में घायल हुए व्यक्ति के परिवार को दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस बीच, तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष और प्रमुख निमार्ता दिल राजू ने कहा कि फिल्मी हस्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात करेगा ताकि सरकार और फिल्म उद्योग के बीच संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। अल्लू अर्जुन के पिता और दिग्गज निर्माता अल्लू अरविंद, दिल राजू और अन्य लोगों के साथ एक निजी अस्पताल गए, जहां भगदड़ में घायल हुए एक लड़के का इलाज चल रहा है। अल्लू अरविंद ने डॉक्टरों से बात की, जिन्होंने बताया कि लड़का ठीक हो रहा है और अब खुद सांस ले सकता है।

### गुजरात से गंगा स्नान के लिए आए परिवार के दो बच्चों की डूबने से मौत

**हरिद्वार, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** नगर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह गंगा स्नान करते समय गुजरात के दो बच्चे गंगा में डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों को अचेत अवस्था में गंगा से बाहर निकाल लिया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, विपुल भाई पवार निवासी ग्राम बाजीपुरा थाना वलोड जिला तापी गुजरात अपने परिवार के साथ हरिद्वार गंगा स्नान करने के लिए आए थे। बुधवार को परमार्थ घाट के समीप संतमत घाट पर स्नान कर रहे थे। इसी बीच अचानक विपुल भाई की बेटी प्रत्यूषा (13), बेटा दर्श (6) गंगा की तेज बहाव में बहने लगे। बच्चों को बहता देख परिवार ने शोर मचा दिया। इसके बाद परिवार के साथ ही घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। दोनों बहकर लापता हो गए।

## जिलाधिकारी उमेश मिश्रा समेत 95 आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन



**लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 95 अफसरों को क्रिसमस के अवसर पर पदोन्नति का तोहफा दिया है। आजमगढ़ के मंडलायुक्त मनीष चौहान और खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू सहित सात आईएएस अफसरों को सचिव से प्रमुख सचिव पद पर प्रमोशन किया गया है। वहीं लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह समेत 38 आईएएस को जिलाधिकारी एवं विशेष सचिव स्तर से सचिव स्तर में प्रमोशन मिला है। नियुक्ति विभाग ने बुधवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया। मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को सलेक्शन ग्रेड मिला है।

2000 बैच के आईएएस अधिकारी सौरभ बाबू, मनीष चौहान, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर प्रमोट किया गया है। इनके अतिरिक्त 2000 बैच के आईएएस अधिकारी अमित गुप्ता, दीपक अग्रवाल का भी प्रमोशन किया गया है। 2009 बैच के 18 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (विशेष सचिव) पद से सचिव पद पर प्रमोशन मिला है। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, डॉ. रुपेश कुमार, नगर विकास विभाग के निदेशक अनुज झा, माला श्रीवास्तव, नितिन बंसल, मासूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानुचंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस.राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस. चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार उपाध्याय, संगीता सिंह, शुभ्रा सक्सेना, अदिति सिंह और इंद्र विक्रम सिंह को प्रमोशन दिया गया है। प्रमोटी आईएएस ब्रजेश नारायण सिंह, राकेश कुमार मिश्र, रमाकांत पांडेय, आनंद कुमार सिंह, राजेश कुमार, मार्कण्डेय शाही, अविनाश कृष्ण सिंह, राजेश प्रकाश, अखिलेश कुमार मिश्र, हीरालाल, शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, साहब सिंह, मानवेंद्र सिंह, अटल कुमार राय, नरेंद्र प्रसाद पांडेय को भी प्रमोशन मिला है। 2010 बैच के भवानी सिंह खंगारोत, 2011 बैच के संजय सिंह, देवेंद्र कुमार पांडेय को भी सलेक्शन ग्रेड दी गई है। 2012 बैच के 23 आईएएस अफसरों को सलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन मिला है। रवीश गुप्ता, नेहा प्रकाश, उज्ज्वल कुमार, अंकित कुमार अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, प्रवीण कुमार लक्षकार, जसजीत कौर, सी.इंदुमति, अरुण कुमार (द्वितीय), संजीव सिंह, अभिषेक सिंह, टी.के.शिबू, संजय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा, मनोज कुमार (प्रथम), राधेश्याम, उमेश मिश्रा, उमेश प्रताप सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, मंगला प्रसाद सिंह, राजेश कुमार पांडेय और प्रवीण मिश्र को सलेक्शन ग्रेड में प्रमोट किया है। इसी प्रकार प्रमोटी आईएएस अमित सिंह बंसल, ए.दिनेश कुमार, शिवप्रसाद, रेणु तिवारी, शेष मणि पांडेय, राकेश कुमार, शेषनाथ, नीरज शुक्ला, राजेश कुमार राय, श्रीहरि प्रताप शाही, अरुण प्रकाश, रामसिंहासन प्रेम, चंद्रशेखर, ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, दिनेश चंद्र, अरविंद कुमार चौरसिया, मनोज कुमार (द्वितीय), चंद्रभूषण, बृजराज सिंह यादव, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, महेंद्र वर्मा और राहुल सिंह को भी सलेक्शन ग्रेड मिली है। यशु रुस्तगी और डॉ. विभा चहल को भी सलेक्शन ग्रेड दिया गया है।

### चालक ने हड़पे 3.62 हजार रुपये, एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के सुजडू के खालसा पट्टी निवासी वसीम अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि वह वेस्ट पेपर सप्लाई का काम करता है तथा उसने अपने चौपहिया वाहन पर सरवट के मौहल्ला हाजीपुरा के रहने वाले नदीम को एक सितम्बर 2022 को चालक के रूप में रखा था। वसीम के अनुसार वह नदीम को 16 हजार रुपये वेतन दिया करता था। वसीम के मुताबिक आरोपी नदीम ने काम करते करते उससे डेढ़ लाख रुपये उधार मांगे और कहा कि वह आर्थिक तंगी के चलते घर की जरूरत पूरी करने के लिए उक्त पैसा उधार ले रहा है, जिसे वह जल्द ही लौटा देगा। धीरे-धीरे यह पैसे 3.62 लाख हो गये। इसके बाद ड्राईवर के रूप में कार्यरत नदीम ने काम पर आना ही बंद कर दिया और दो अगस्त को पूरी रकम चुकाने की बात कही। दो अगस्त के बाद भी पैसा मांगने पर वह लगातार वायदे करता रहा। जब नदीम पर दबाव बनाया गया तो उसने वसीम को धमकी दी कि वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसे झूठे मकदमे में फंसवा देगा कि उससे रंगदारी की मांग की जा रही है। फिलहाल एसएसपी के आदेश पर आरोपी नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



**शहीदी दिवस के अवसर पर चार शहजादों की शहादत पर बनी फिल्म 'चार साहबजादे' की प्रोजेक्टर लगा कर बड़े पर्दे पर रुड़की रोड़ पर दिखाई गई फिल्म, जिसमें सरदार सुलखन सिंह, सरदार परविंदर सिंह, सरदार फतेह सिंह, सरदार सोनू सिंह आदि रहे मौजूद, इस दौरान फ्री चाय का भी किया गया वितरण।**

### अफगानिस्तान पर पाक एयर स्ट्राइक में 15 मरे

**काबुल, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर दिया है। तालिबान की ओर से दावा किया गया है कि पाकिस्तान के इस हमले में 15 से ज्यादा लोगों की मारे जाने की आशंका है। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने बरमल, पक्तिका पर रात में पाकिस्तान की ओर से किए गए एयर स्ट्राइक को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। अफगानिस्तानी मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान को इस हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। हालांकि मंत्रालय ने अपनी भूमि और संप्रभुता की रक्षा के अधिकार पर जोर दिया है। मंत्रालय की कहा कि पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में वजीरिस्तानी शरणार्थियों को निशाना बनाया गया है। ये वो लोग हैं जो पाकिस्तान से शरणार्थी के रूप में अफगानिस्तान पहुंचे थे। इस हमले में मरने वालों में कई बच्चे और महिलाएं भी शामिल है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हमला कर अपने ही लोगों क मार दिया है। अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों ने अब तक कोई पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना के करीबी सूत्रों का कहना है कि इस एयर स्ट्राइक के जरिए सीमावर्ती तालिबान के ठिकानों पर हमला किया गया है।

## शीत लहर के बीच फिर बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)।** शीत लहरी के बीच आज दिन में धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही आज तापमान अधिकतम 22.7 और न्यूनतम 9.9 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच मौसम फिर बिगड़ने का अंदेशा है तथा इस बार वेस्ट यूपी में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है। गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बूंदाबांदी की संभावना है। कोहरे को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

शीत के प्रकोप के बीच दो दिन पूर्व बौछारों से ठंडियाए मौसम में फिर से सुधार नजर आया है। दो दिनों में तापमान फिर बढ़ा है। इसके चलते आज पारा फिर दो डिग्री चढ़ा और दिन में तापमान 22.7 डिग्री पर आ गया। ऐसे में दिन में लोग धूप में बैठकर गर्माहट का मजा लेते नजर आए। न्यूनतम तापमान भी 9.9 रहने से शाम से सुबह तक करारी ठंड का दौर अभी जारी है। हालांकि यह राहत लंबी चलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग का कहना है कि जल्द ही बारिश का एक और दौर आ सकता है। इस बार बारिश के साथ ओले पड़ने की भी संभावना जताई गई है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में 27 दिसंबर को ओलावृष्टि होने की संभावना है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 27-28 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी से हवाएं भी आएंगी, जिससे उत्तर पश्चिम भारत, मध्य भारत और दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। अगले दो से तीन दिनों तक पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरे की चेतावनी के साथ कहा गया है कि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा होने की संभावना है।

## संभल की बावड़ी में लाल पत्थर का फर्श, नकासी बने छह गेट तथा कमरे नुमा गलियारा

**संभल, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** संभल के चंदौसी में मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मण गंज में खाली प्लाट में मिली बावड़ी का रहस्य परत दर परत अब खुलने लगा है। पांचवें दिन खोदाई में बावड़ी की ऊपरी मंजिल साफ नजर आने लगी है। लाल पत्थर का फर्श दिखने लगा है। वहीं बुधवार को एएसआई की टीम ने मौके पर पहुंच कर बावड़ी का सर्वे किया है। बता दें कि 17 दिसंबर को मोहल्ला लक्ष्मण गंज में 150 साल पुराना खंडहरनुमा बांकेबिहारी मंदिर मिला था। सनातन सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर के जीर्णोद्धार कराने और मंदिर के पास ही गली में स्थित खाली प्लाट में बावड़ी होने का दावा किया था। डीएम के आदेश पर उसी दिन खोदाई शुरू की गई तो बावड़ी अस्तित्व में आने लगी। रोजाना सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खोदाई का कार्य चल रहा है। पांचवें दिन बुधवार को ऊपरी मंजिल का फर्श नजर आने लगा। लाल पत्थर का फर्श है। वहीं छह गेट नकासी बने हुए हैं। पांच गेट सादे हैं। इसके पीछे कमरे नुमा गलियारा है। दोपहर में पहुंची एएसआई की टीम ने फर्श से मिट्टी हटवाकर जांच पड़ताल की। फर्श से लिंटर की ऊंचाई करीब साढ़े दस फिट बताई जा रही है। बताया जाता है कि ऊपरी मंजिल के नीचे एक और मंजिल है, और उसके नीचे कुआं है। जिसके चारों ओर सीढियां बनी हैं। बावड़ी का राज खोलने के लिए नगर पालिका परिषद के पचास लोगों की टीम कार्य में लगी है। जल निगम के जेई अनुज कुमार ने बताया कि बावड़ी का अस्तित्व सामने लाने के लिए पालिका के दो सेनेटरी इंस्पेक्टर, एक रेवन्यू इंस्पेक्टर, एक जेई की देखरेख में 30 मजदूर काम कर रहे हैं। एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी लगाया गया है। बता दें कि मोहल्ला लक्ष्मण गंज में बांके बिहारी मंदिर मिलने के बाद सनातन सेवक संघ के कार्यकताओं ने शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बांकेबिहारी मंदिर के जीर्णोद्धार कराने और मंदिर के कुछ दूरी पर गली में खाली प्लाट में बावड़ी होने का दावा करते हुए डीएम राजेंद्र पैंसिया को प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम के आदेश पर उसी दिन दोपहर में एडीएम न्यायिक सतीश कुशवाह के साथ तहसील और पालिका की टीम ने मौके पर पहुंच कर खुदाई शुरू की तो बावड़ी की दीवार नजर आई।

# बिहारगढ़ में 651 बैड के नवीन अपना घर आश्रम का हुआ भूमि पूजन







**भोपा, 25 दिसम्बर (बु.)।** पीड़ित मानव सेवा के लिए सन्मति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अपना घर आश्रम बिहारगढ़ शुकतीर्थ के द्वितीय चरण के अपना आश्रम के 651 बैड के आश्रम का पूजा अर्चना के बाद भूमि पूजन शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह व अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी.एम. भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत आश्रम में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ परम पूज्य गुरूजी के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सुनील बंसल ने कहा कि मानव सेवा प्रभु के द्वारा हमें दिया गया कार्य है। सेवा दिल से की जाती है। पूरी सृष्टि प्रभु ने बनाई है। प्रभु हमसे चाहता है कि हम मानव सेवा करें। हमारा सपना एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, जिसमें कोई निराश्रित न हो। नर सेवा ही नारायण सेवा है। प्रभु हमें निराश्रित लोगों के माध्यम से सेवा करने का मौका देता है। स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि तन-मन-धन को व्यर्थ के कार्यो न लगाकर मानव सेवा, धार्मिक व सामाजिक कार्यो में लगाना चाहिए। हम जिस राष्ट्र में रहते हैं, वहां हमारा कर्त्तव्य है कि वो राष्ट्र सुखी और समृद्ध हो। साधन सम्पन्न लोगों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार लोक कल्याण के लिए कार्य करने चाहिएं। मानव सेवा से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। जो दीन दुखियों की अनदेखी करता है, भगवान उससे नाराज रहते हैं। किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व उसकी संस्कृति, धर्म और इतिहास पर टिका रहता है। भारत के पास एक संदेश है पूरी दुनिया को देने के लिए। भारत के पास योग, पुराण, गंगा आदि दुर्लभ चीजें हैं। अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी.एम. भारद्वाज ने कहा कि अपना घर आश्रम नहीं मंदिर है। अपना घर एक विचारधारा है। सेवा कोई उपकार नहीं, हमारा दायित्व है। जिसकी हम सेवा करते हैं। उसे हम भौतिक वस्तुएं देते हैं और सोचते हैं कि हम दानी हो गये हैं।

हम उन पर उपकार नहीं कर रहे, बल्कि अपनी सेवा करवाकर उन्होंने हमें कर्जमुक्त कर दिया। जिस समय जरूरत हो, उतनी मात्रा में अगर सहायता आ जाए, तो मान लेना सेवा सच्ची है। परमात्मा को भी अगर बस में करना है तो सेवा करो। परमात्मा भी आपके पीछे-पीछे संसाधन लेकर किसी न किसी मानव के रूप में घूमते आपको मिल जाएंगे। हम कोई बहुत बड़ा काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने घरवालों की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम में कथाव्यास आचार्य तिलकेन्द्र शेखर त्रिपाठी द्वारा भागवत कथा सुनाई गई। इसके उपरांत गांव बिहारगढ़ में 651 बैड के अपना घर आश्रम का विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस एन.पी. सिंह, राजस्थान सरकार के सचिव प्रवीण गुप्ता, मोहित बेनीवाल, सत्यप्रकाश रेशू, डीडी न्यूज के चीफ एडिटर अशोक श्रीवास्तव, विनोद कुमार गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, गजराज गंगवाल, नागेन्द्र प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, डॉ. वीरपाल सहरावत, पं. रामकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, अरुण पाल, सतपाल पाल, बघरा प्रमुख गौरव पंवार, सदर प्रमुख अमित चौधरी, कुशपुरी, अमित रावल, अशोक कंसल, नितीश मलिक, सुखविन्दर सोम, मोनू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## यूपी में लेखपाल के 7994 रिक्त पदों पर जल्द होगा अधियाचन

**लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसी)।** लेखपाल के 7994 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द ही पूरी होगी। राजस्व परिषद ने इन पदों को भरने के लिए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) को भर्ती प्रस्ताव (अधियाचन) भेज दिया है। इसमें सभी मंडलों और जिलों के रिक्त पदों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व में ही इन सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए थे। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि अगले साल के पहले माह में ही इन पदों के लिए अधियाजन निकाला जाएगा। प्रदेश सरकार में कुछ माह पूर्व भी लेखपाल के पदों पर भर्ती हुई थी।

प्रदेश में सहायक लेखाकार व लेखाकार के 1828 पदों व कनिष्ठ विश्लेषक खाद्य के 417 पदों पर चल रही भर्ती में आवेदक सभी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने शार्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का परिणाम मंगलवार को जारी किया है। आयोग के अनुसार इन भर्तियों के लिए निर्धारित मानक के अनुसार पदों के सापेक्ष 15 फीसदी अभ्यर्थी न होने की वजह से पीईटी 2023 के आधार पर शून्य या उससे कम नंबर पाने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर, सभी आवेदकों को लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि सहायक लेखाकार व लेखाकार भर्ती में 5169 व कनिष्ठ विश्लेषक खाद्य के लिए 4746 अभ्यर्थी शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य परीक्षा के लिए परीक्षा की तिथि कार्यक्रम, शुल्क जमा करने की सूचना अलग से वेबसाइट पर दी जाएगी।

## यथास्थिति बनाने को बिस्मार मजार की सफाई का कार्य रुकवाया

### शिकायकर्ता एसडीएम से इस संबंध में करेंगे बात

**बुढ़ाना, 25 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के कांधला रोड पर एचपी गैस गोदाम के समीप स्थित हजरत काजी मुख्तार शाह की दो दिन पूर्व कुछ दबंगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए क्षतिग्रस्त की गई एक मजार के मामले में आज बुधवार के दिन बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साफ सफाई का कार्य यह कहकर रुकवा दिया कि वे इस संबंध में बृहस्पतिवार को बुढ़ाना एसडीएम से बात कर लें। यह सफाई शिकायत शेख मोहम्मद, अयाजुद्दीन, नवाबुद्दीन और भाजपा नेता पवनीश जावला करा रहे थे। मौके पर पहुंचे एसएसआई ललित शर्मा और कस्बा इंचार्ज ललित कसाना को शिकायतकर्ताओं ने बताया कि यहां पर अभी मजार के अवशेष हैं। उनको डर है कि आरोपी रात में इन अवशेषों को गायब कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो आरोपियों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस बारे में मीडिया के समक्ष शिकायतकर्ता शेख अयाजुद्दीन ने बताया कि ये जो मजार शरीफ शहीद की गयी है, उसके दोषियों को पुलिस तुरंत गिरफ्तार करे। उन्होंने यहां पर मजार क्षतिग्रस्त करने के अलावा पीडब्ल्यूडी का पोल उखाड़कर दो सरकारी बड़े पेड़ों को भी काटा है। यहां पर पहुंचे कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डा. सोनू कश्यप ने बताया कि जिनकी भी ये हरकत है, वो गलत है। उनको ऐसा नहीं करना चाहिए था। यहां के पुलिस और प्रशासन को चाहिए कि वो इस क्षतिग्रस्त मजार को पुनः बनवाने का काम करे। यह मजार दोनों धर्मों के लोगों की आस्था से जुड़ी है।



## बिजली बिल जमा न करने पर उखाड़ लिए विद्युत मीटर, यूनियन ने दिया धरना

**मोरना, 25 दिसम्बर (बु.)।** बिजली विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। बिजली का बिल नहीं जमा करने वाले चार उपभोक्ताओं के बिजली विभाग के अफसर मीटर उखाड़कर अपने साथ ले गए। बिजली विभाग की कार्यवाही से किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं ने विद्युत केन्द्र पर डेरा जमा लिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में बुधवार को बिजली विभाग के अधिकारी एक्शन अमित कुमार, एसडीओ रवि कुमार, अवर अभियंता परमानंद शर्मा, सहित भोकरहेड़ी बिजली घर के स्टाफ को साथ लेकर बड़ी कार्यवाही की गई है, जिसमें बिजली का बिल नहीं जमा करने वाले बकायेदारों के विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटे गए हैं। जिसे लेकर कस्बे में हड़कंप मच गया। वहीं कुछ बकायादारों के बिजली विभाग द्वारा मकानों पर लगे विद्युत मीटर को उखाड़ कर अपने साथ ले गई है। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से नाराज किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं में विद्युत विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने अपने साथ सैकड़ों की संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। अवर अभियंता को भी किसान यूनियन ने धरने पर बैठा लिया। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा गरीब जनता व किसानों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। उनका कहना है कि किसानों का गन्ना भुगतान नहीं हो रहा है। चीनी मिल किसानों का गन्ने का भुगतान कर दे तो किसान बिजली का बिल जमा कर देगा। देर रात तक यूनियन कार्यकर्ताओं का धरना जारी था। इस मौके पर बिट्टू प्रधान, महताब पहलवान, आस मोहम्मद सीकरी, उदयवीर सिंह, हरेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, फैजान, सलमान, दानिश, अफनान, आमिर, कामिल, रियासत आदि लोग मौजूद रहे। वहीं धरने पर मौजूद अवर अभियंता परमानंद शर्मा, चौकी प्रभारी रणवीर सिंह मौके पर मौजूद रहे।